दिन–रविवार

दिनांक– 27 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इकसवीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया। श्री मोदी ने कहा कि अगस्त दो हजार तैईस में चंद्रयान–3 की सफल लैंडिंग से देश में एक नया माहौल बना, और बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञानी बनने की जिज्ञासा जगी थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शुरु किए गए एन्सपायर–मानक अभियान का उल्लेख किया। इसके तहत हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं और प्रत्येक बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि अब तक लाखों बच्चे इस अभियान से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले, देश में अंतरिक्ष से जुड़े पचास से भी कम स्टार्ट–अप थे जो आज दो सौ से ज़्यादा हो गए हैं।

आगामी तैईस अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से अपील की कि वे नमो ऐप के ज़रिए नया आइडिया साझा करें कि यह दिवस कैसे मनाया जाए। प्रधानमंत्री ने गर्व व्यक्त किया कि यूनेस्को ने बारह मराठा किलों को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अन्य जगहों पर भी ऐसे अद्भुत किले हैं जिन्होंने आक्रमण झेले, खराब मौसम की मार झेली लेकिन आत्म–सम्मान को कभी झुकने नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना है। उन्होंने अठारह वर्ष के क्रांतिकारी खुदीराम बोस के साहस की प्रशंसा की जो ग्यारह अगस्त, उन्नीस सौ आठ को हंसते–हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। बिहार के मुज़फ़्फ़रपुर की जेल में जब उन्हें अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ अपना देश–प्रेम व्यक्त करने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही थी, उस समय लोगों ने जेल को घेर रखा था और उनकी आंखों में आंसू थे। श्री मोदी ने कहा कि देश के दीवानों ने अपने रक्त से आज़ादी के आंदोलन को सींचा था और अनगिनत बलिदानों के बाद देश को आज़ादी मिली थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पहली अगस्त को मनाई जाएगी। अगस्त महीने की ही आठ तारीख़ को महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन शुरु हुआ था। श्री मोदी ने कहा कि पन्द्रह अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश की आज़ादी के साथ बंटवारे की टीस भी जुड़ी हुई है। इसलिए, चौदह अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

श्री मोदी ने स्वदेशी आंदोलन की चर्चा की जो सात अगस्त, उन्नीस सौ पांच को शुरु हुआ था। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन स्थानीय उत्पादों और ख़ासकर हथकरघा क्षेत्र को नई ऊर्जा दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाली तीज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना संग्रहालय के नवनिर्मित गंगा गैलरी, पाटली गैलरी एवं प्रेक्षा गृह का उद्घाटन किया। उन्होंने बिहार संग्रहालय का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के पास निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की घोषणाा की है। आयोग में अध्यक्ष के अलावा एक उपाध्यक्ष और पांच सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुये कहा कि यह आयोग सफाई कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। इस आयोग के गठन की मांग लम्बे समय से की जा रही थी।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज किशनगंज और सुपौल समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के अन्य भागों में अगले चौबीस घंटों के दौरान बारिश और वज्रपात की आशंका जताई गई है।

———————————————————————————

समाप्त